# भीषण अग्निकांड से प्रभावित परिवारों से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल

■ प्रतिनिधिमंडल जरूरत मंदों को खादय सामग्री भी वितरित की गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कनवानी गांव में भीषण अग्निकांड से प्रभावित परिवारों से मिलने समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में पहुंचा। इंदिरापुरम में हाल ही में हुई भीषण अग्निकांड की दुखद घटना के मद्देनजर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार, समाजवादी पार्टी का एक प्रति. निधिमंडल आज पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए गांव कनवानी इंदिरापुरम पहुंचा।

पीड़ित परिवारों को उनकी जररूरत की खादय सामग्री आटा,दाल ,चावल, चीनी, तेल, मसाले, नमक, चाय पत्ती, बिस्कुट, सूखा राशन के 400 पैकेट एक किट बनाकर बांटे गए। प्रतिनिधिमंडल ने आगजनी से प्रभावित परिवारों के प्रति संवे. दना व्यक्त की और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया समाजवादी पार्टी इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रशासन से बात कर पीड़ितों को उचित मुआवजा और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष राजन कश्यप महानगर महासचिव जिला महासचिव नितिन त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरवन कुमार धीरेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव संदीप प्रधान जिला अध्यक्ष बाबासाहेब वाहिनी महिला सभा महानगर अध्यक्ष किरण कालिया त्यागी युवजन सभा महानगर अध्यक्ष ठाकुर विक्की सिंह लोहिया वाहिनी महानगर अध्यक्ष विवेक त्यागी यूथ ब्रिगेड राष्ट्रीय सचिव आशु चौधरी बाबा खान सोहनवीर सिंह अवधेश यादव सुरेंद्र यादव रिजवान चौधरी संजय नगर विकास यादव विकास यादव अमित नगर पिंटू नगर पिंटू नगर बॉबी यादव राहुल रावत कार्यालय प्रभारी।

# बाबा साहब की मूर्ति खंडित करने को लेकर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**लोनी।** इंद्रापुरी 2 नंबर पर स्थित बाबा साहब आंबेडकर जी की मूर्ति को रात में अज्ञात असामा. जिक तत्वों ने खंडित कर दिया जिस के चलते लोगों में आक्रोश फैल गया आक्रोशित लोगों ने इकट्ठा होकर लोनी रोड पर जाम लगा दिया ।

जब इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को मिली तो भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने में पुलिस को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जैसे तैसे करके पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया और लोगो को समझने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारी दोषी लोगों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे इसी तरह समझ कर वहां पर बाबा साहब की मूर्ति लगवाई गई इसके बाद लोग शांत हुए इस मौके पर लोनी विधायक नदकिशोर व लोनी चेयरमैन रंजिता धामा ने लोगो से शांति की अपील की। वहीं पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए कई गिरफ्तारी की है।

बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

# दलितों, पिछड़ो, महिलाओं तथा दबे कुचले उपेक्षित लोगों के मसीहा थे: बाबा साहब

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** भारतीय संविधान निर्माता, दलितों, पिछड़ो, महिलाओं तथा दबे कुचले उपेक्षित लोगों के मसीहा, प्रकाश. पुंज, बोधिसत्व, भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर घुकना मोड़ पर श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा बाबा साहब की जयंती का प्रोग्राम मनाया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक प्रतियाशी विशाल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



# एक और गुलदार पिंजरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नहटौर।** ग्राम मुकर्रमपुर में आज सुबह वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। यह गुलदार गांव में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री के पास पकड़ा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार 15 मार्च को ग्राम मुकर्रमपुर को अतुल कुमार की बेटी अदिति पर हमला कर उसे मार डाला था। इस घटना के बाद से ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। गुलदार के पिंजरे में कैद होने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने गुलदार को सुरक्षित रूप से धामपुर रेंज कार्यालय पहुंचाया। डिप्टी वन रेंजर हरदेव सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

# पोते ने परीक्षा रोकी, दादी को जीवनदान देने के लिए किया लीवर डोनेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**साहिबाबाद।** साहस और निस्वार्थ प्रेम की एक भावुक कहानी में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के डॉक्टरों ने एक जटिल लिविंग डोनर लीवर ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक कर 62 वर्षीय महिला को नया जीवन दिया। इस असाधारण कदम में, उनके 19 वर्षीय पोते ने अपनी कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं बीच में रोक. कर दादी की जान बचाने का फैसला किया।

इस मामले पर बात करते हुए, प्रो. (डॉ.) सुभाष गुप्ता, ग्रुप चेयरमैन – सेंटर फॉर लिवर एंड बिलियरी साइंसेज, मैक्स हेल्थकेयर ने कहा, "यह भावनात्मक रूप से बेहद संवे. दनशील और चिकित्सकीय रूप से जटिल मामला था।डॉ. राजेश डे, डायरेक्टर, लिवर ट्रांसप्लांट और बिलियरी साइंसेज, रोबोटिक सर्जरी, पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट, मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली ने कहा, "लिविंग डोनर लीवर ट्रांसप्लांट एक जटिल प्रक्रिया है।



सर्जरी के बाद सुनीता देवी में तेजी से सुधार देखा गया, उनका लीवर फंक्शन स्थिर रहा और सभी पैरामीटर सामान्य रहे। उन्हें 14 दिन बाद स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं, आदित्य राज भी पूरी तरह स्वस्थ होकर अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट आए हैं।

यह प्रेरणादायक घटना न केवल मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली की उन्नत ट्रांसप्लांट क्षमताओं को दर्शाती है, बल्कि पारिवारिक रिश्तों की गहराई को भी उजागर करती है। अपने साहस और निस्वार्थ प्रेम से एक पोते ने अपनी दादी को नया जीवन देकर यह साबित कर दिया कि सच्चा प्यार पीढ़ियों की सीमाओं से परे होता है।

# उत्थान फाउंडेशन के सदस्यों का सम्मान, नि:शुल्क इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाओं के लिए सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** समाज के कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्यरत उत्थान फाउंडेशन के सदस्यों को भीम युवा संघर्ष समिति द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री अम्बेडकर लाइब्रेरी, मोदीनगर में प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाली नि:शुल्क इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाओं के सफल संचालन के लिए प्रदान किया गया। फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि ये कक्षाएं "बढ़ते कदम योजना" के अंतर्गत चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में दक्ष बनाकर उनके आत्मविश्वास और भविष्य के अवसरों को बढ़ाना है। इस अवसर पर भीम युवा संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद कर्दम एवं उनकी टीम द्वारा फाउंडेशन की सदस्य कविता गुप्ता और ज्योति रानी को सम्मानित किया गया। दोनों ने निरंतर समर्पण के साथ विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनजीओ के अध्यक्ष सीए राहुल जैन ने जानकारी दी कि उत्थान फाउंडेशन द्वारा विजय नगर, महार्षि दयानंद कॉलेज और देवेंद्रपुरी के बड़ा मंदिर क्षेत्र में भी तीन अन्य केंद्र संचालित किए जा रहे थे, जहां 150 से अधिक विद्यार्थियों ने इंग्लिश स्पीकिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन केंद्रों पर कक्षाएं अलका चौधरी और रिंकी कंसल द्वारा संचालित की गईं। उन्होंने आगे बताया कि इस पहल को सफल बनाने में उत्थान फाउंडेशन के अन्य सक्रिय सदस्योंख्रगजाला बारी, अनु माहेश्वरी, कामाक्षी माहेश्वरी, ऋतु अग्रवाल, ऋतु कपूर, रश्मि मलिक, अनिल भार्गव, रुचि गुप्ता और सुनील भार्गवख्रका भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर विशाल यज्ञ का आयोजन

# चिरंजीवी भगवान परशुराम धर्म और न्याय की पुनर्स्थापना हेतु अवतरित हुए थे: बीके शर्मा हनुमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** सिद्ध पीठ श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर में भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि हिंदू धर्म में छठे अवतार भगवान परशुराम सदियों से धर्म और न्याय के प्रतीक बने हुए हैं। ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने यह भी बताया कि परशुराम सबसे विरले हैं। वे ब्राह्मण हैं, ऋषि हैं, तपस्वी हैं किंतु उनके कर्म योद्धाओं जैसे हैं। इस



अवसर पर परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वी के अग्रवाल, विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा भार्गव, राष्ट्रीय महासचिव मधु शर्मा, आरसी शर्मा, महासचिव रघुनंदन भारद्वाज, सुभाष शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजपाल शर्मा, ऋषिपाल शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा,अलोकचंद शर्मा, कपिल पंडित, विनीत कुमार शर्मा, मदनपाल शर्मा, शिव कुमार शर्मा, धर्म प्रचारक आचार्य ब्रिज किशोर शर्मा बृजवासी, प्रचारक नीरज शर्मा, संजय शर्मा, डॉ देवेंद्र शर्मा, ताराचंद सारस्वत, सुनीता बहल, नरेंद्र तेवतिया, सुनील बंसल, अमित शर्मा, राजीव त्यागी राज, देवाशीष ओझा, मिलन मंडल, युवा महानगर अध्यक्ष कार्तिकेय शर्मा, डॉ एन एस तोमर, सुबोध त्यागी, बीपी सिंह, देवेंद्र सिंह,समाजसेवी डॉ शीला रानी, वरिष्ठ समाज सेवी छोटेलाल कनौजिया, प्रदीप चौधरी, आशु पंडित, राजकुमार शर्मा, डॉ मुकेश कुमार, डॉ मोहित वर्मा, पवन वर्मा, रंजीत पोद्दार, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद, अंकित शर्मा, विनोद कुमार, देव आशु, मिलन मंडल, पार्थ दास, डॉ दिलीप कुमार, सैकड़ो विप्रबंधु उपस्थित रहे।

# निवाड़ी में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का हुआ अनावरण

विशाल भंडारा व शोभायात्रा भी निकाली गयी





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** नगर पंचायत निवाड़ी में आज धर्म और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। भगवान श्री परशुराम जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण क्षेत्र के पूज्य बुजुर्गों के कर-कमलों द्वारा ससम्मान संपन्न हुआ। नगर पंचायत चेयरमैन अनिल त्यागी ने बताया की प्रतिमा की व्यवस्था सभी ग्रामीणों के सहयोग से हुई है व प्रतिमा स्थापित होने वाली भूमि व उस स्थान पर नवनिर्मित ढांचा नगर पंचायत की और से उपलब्ध कराया गया है!

उन्होंने यह भी बताया की कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। परंपरा और सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए, प्रतिमा का अनावरण नगर के वरिष्ठ बुजुर्गों द्वारा किया गया। उपस्थित जनसमूह ने श्भगवान परशुराम का उदघोष से आकाश गुंजा दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बुजुर्गों द्वारा अनावरण कराया जाना समाज के लिए एकता और मार्गदर्शन का प्रतीक है। बैंड-बाजों की मधुर धुन और भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालु,सभी ने इस पुण्य काम के लिए चेयरमैन अनिल त्यागी की प्रशंसा भी की!

जगह-जगह पुष्प वर्षा कर ग्रामीणों द्वारा स्वागत। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल युवा और महिलाएं। शोभायात्रा के समापन पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किय, चेयरमैन अनिल त्यागी ने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सुख-शांति की कामना और भगवान परशुराम जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना है। हजारों की संख्या में निवाड़ी व आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा स्टार्ट-अप समिट 2026 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा स्टार्टअप्स पावरिंग विकसित भारत 2047" विषय पर द्वितीय स्टार्ट-अप समिट 2026 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) के सहयोग से आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सहयोग को प्रोत्साहित करना तथा समावेशी विकास के लिए स्केलेबल व्यवसाय मॉडल विकसित एवं सत्यापित करना था।

इस अवसर पर आई. टी. एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और आयोज.





कों तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरुआत आई.टी. एस -द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के संबोधन से हुई जिसमें उन्होंने एम एस एम ई के प्रति आभार व्यक्त किया तथा स्टार्ट अप की दिशा में उनकी उपलब्धियों की सराहना की साथ ही सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।

तत्पश्चात पश्चात आई.टी. एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. अजय कुमार ने स्वागत भाषण दिया और सभी विशिष्ट अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया और स्टार्ट अप समिट आयोजन के प्रमुख उद्देश्यों और महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।

इस पैनल में रिन्यूबाय की चीफ पीपल ऑफिसर सुलभा कौशल राय, इन्वेस्ट इंडिया के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट आनंद प्रसाद, फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के चीफ फैकल्टी एवं संयुक्त निदेशक शरद श्रीवास्तव, बिल्ड ब्रांड फैक्टर की संस्थापक एवं सीईओ राधिका ए. गुप्ता तथा आईडीएफसी बैंक के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट एवं ब्रांच हेड योगेश तनेजा शामिल रहे। एनएसयूटी, द्वारका के आयुष एवं मणि मित्तल को मिला, जबकि तृतीय स्थान आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के सौरव तिवारी, सुधांशु सिंह, अमन सिंह एवं कपिल त्रिपाठी को प्रदान किया गया।

# स्मार्ट मीटर बना जी का जंजाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**किरतपुर।** नगर में लगाए गए स्मार्ट मीटर अब लोगों के लिए राहत नहीं, बल्कि बड़ी मुसीबत बनते जा रहे हैं। लगातार बढ़ते बिजली बिलों ने आम उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि कई परिवार अब बिजली कनेक्शन कटवाने तक के लिए मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ गए हैं। जहां पहले सामान्य बिल आता था, वहीं अब उपभोक्ताओं को हजारों रुपये का झटका लग रहा है। कई उपभोक्ताओं ने यह भी शिकायत की है कि मीटर रीडिंग में पारदर्शिता नहीं है और बिल समझ से परे हैं। नगर के सैकड़ों लोगों ने ताया हमने कभी इतना बिजली इस्तेमाल नहीं किए है, फिर भी बिल दोगुना-तीन गुना आ रहा है। शिकायत करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। उल्टा, बकाया दिखाकर कनेक्शन काटने की चेतावनी दी जा रही है, जिससे लोगों में डर और नाराजगी दोनों बढ़ रही है। इसी बीच, बढ़ते बिजली बिलों से परेशान होकर अब लोग सोलर ऊर्जा की ओर रुख कर रहे हैं। नगर में सोलर पैनल लगाने की मांग तेजी से बढ़ रही है। लोग इसे महंगे बिजली बिल से छुटकारा पाने का एकमात्र विकल्प मान रहे हैं।

# आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में एलुमनाई मीट में सजी यादों की महफिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुरादनगर।** आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा एलुमनाई मीट (पूर्व छात्र मिलन समारोह) का सफल आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में विभिन्न वर्षों के पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभवों तथा यादों को साझा किया। इस समारोह का शुभारम्भ आईटीएस दी - एजुक. ेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर.पी चढ्डा, वाइस चेयरमैन अर्पित चढ्डा, संस्थान के निदेशक डॉ एस सदीश कुमार, डॉ सागरिका माझी, डॉ मनोज कुमार शर्मा, डॉ शालिनी कपूर साहनी व मि रविन्द्र सिंह द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया





गया। इस अवसर पर डॉ आरपी चढ्डा, चेयरमैन, आईटीएस दी - एजुकेशन ग्रुप ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि एलुमनाई किसी भी संस्थान की पहचान और उसकी सफलता का दर्पण होते हैं। उन्होंने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में आगे अर्पित चढ्डा, वाइस चेयरमैन, आईटीएस दी - एजुकेशन ग्रुप ने अपने संदेश में कहा कि आई0 टी0 एस परिवार अपने पूर्व छात्रों के साथ मजबूत एवं सार्थक संबंध बनाए रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। समारोह के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ एस सदीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एलुमनाई संस्थान की अमूल्य धरोहर होते हैं। मिलन समारोह के दौरान पूर्व छात्रों ने अपने कॉलेज जीवन के अनुभव साझा किए तथा संस्थान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आईटीएस दी - एजुक. ेशन ग्रुप आज एक ब्रांड बन चुका है और हमें इस कॉलेज का एलुमनाई होने पर गर्व है। कार्यक्रम के अंत में डॉ शालिनी कपूर साहनी ने कॉलिज प्रबंधन, कार्यक्रम आयोजक - संचालक सहित अध्यापकों एवं छात्रों को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम का संच. ालन डॉ सागरिका माझी, मिस साक्षी चौहान, मि मनीष कुमार और मि रविन्द्र सिंह ने किया।

# आंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लें : असीम अरुण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में नोएडा में स्थित पुस्तकालय एवं दलित उत्थान सेवा समिति, नोएडा द्वारा विगत दिवस देर रात्रि आयोजित भव्य "जश्न-ए-भीमोत्सव" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश के मा० मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण जी एवं नोएडा के विधायक पंकज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के दौरान मंत्री जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बाबा साहेब के विचारों को अपनाने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने तथा शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि "डॉ. अम्बेडकर का जीवन हमें समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही हम एक समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं।"

वहीं विधायक पंकज सिंह ने कहा कि "भीमोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और संगठित करने का एक सशक्त माध्यम है। युवाओं को विशेष रूप से बाबा साहेब के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।"

इस गरिमामय आयोजन में उपस्थित सभी अतिथियों, जनसमूह एवं विशेष रूप से मातृशक्ति की उत्साहपूर्ण सहभागिता अत्यंत प्रेरणादायक रही। कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, जागरूकता एवं समर्पण का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं भविष्य में भी ऐसे जनजागरण कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया गया।

# ग्रेनो वेस्ट में पार्किंग विवाद पर बवाल निवासी और गार्डों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की आम्रपाली सेंचुरियन पार्क ओटू वैली सोसाइटी में ड्राइव-वे पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर रविवार को उस समय बवाल हो गया। जब एक निवासी और सुरक्षा गार्डों के बीच कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोसाइटी के ड्राइव-वे पर एक निवासी ने अपनी कार खड़ी कर दी थी। जिससे अन्य वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी।

इस पर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्डों ने आपत्ति जताई और वाहन हटाने को कहा। इसी बात को लेकर निवासी और गार्डों के बीच पहले तीखी बहस हुई, जो कुछ ही देर में हाथापाई में बदल गई।

बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद अन्य निवासियों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक स्थिति काफी बिगड़ चुकी थी। घटना का वीडियो किसी ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और सोसाइटी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों में मारपीट हो रही है। वहीं इस मामले में बिसरख थाना पुलिस का कहना है कि ड्राइव-वे पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर सोसाइटी निवासी और सुरक्षा गार्डों के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मारपीट में शामिल दोनों पक्षों के चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है और वायरल वीडियो के आधार पर अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है।

साथ ही सोसाइटी प्रबंधन को भी भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सोसाइटी में 13 घंटे बंद रही लिफ्ट, लोग हुए परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित विक्ट्री एक सोसाइटी के एक टावर में करीब 13 घंटे तक लिफ्ट बंद होने से निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लिफ्ट खराब होने के कारण लोगों को 19वीं मंजिल तक सीढ़ियों के सहारे चलकर जाना पड़ा। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी में लिफ्ट की समस्या लगातार बनी रहती है। अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

निवासी प्रशांत ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे टावर की लिफ्ट अचानक खराब हो गई। उन्होंने कहा कि कई टावरों में पहले से ही दो में से केवल एक लिफ्ट ही संचालित की जा रही थी। ऐसे में जब वह लिफ्ट भी बंद हो गई तो लोगों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ा। शिकायत के बावजूद रात भर लिफ्ट ठीक नहीं हो सकी। शनिवार सुबह भी लिफ्ट शुरू नहीं हो पाई, जिससे बच्चों को स्कूल और लोगों को ऑफिस जाने में दिक्कत हुई। उन्होंने कहा कि सभी टावरों में दोनों लिफ्टों के संचालन की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। वहीं, मेंटेनेंस इंचार्ज हरिकिशन का कहना है कि लिफ्ट के गेट पर किसी निवासी द्वारा जोर से लात मारने के कारण दरवाजे का डोर ड्राइव खराब हो गया था, जिससे लिफ्ट बंद हो गई। उन्होंने बताया कि खराबी को ठीक कर लिया गया है ।

# एनसीएस में पीसीएस परीक्षा में चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दी गुर्जर विद्या सभा, दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर संचालक मिहिर भोज शिक्षण संस्थान / कालिज के तत्वाधान में एक विशेष बैठक का आयोजन चौधरी शादी राम सभागार स्थित गुर्जर शहीद भवन में गुर्जर विद्या सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र टाइगर एडवोकेट की अध्यक्षता में हुआ। सभा का संचालन गुर्जर विद्या सभा के सचिव एडवोकेट राम शरण नागर ने किया। इस विशेष बैठक में राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा एवं प्रांतीय सिविल सेवा परीक्षा में चयनित प्रतिभाओं और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में विजयी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। प्रांतीय सेवा में कुमारी निकिता पंडित जलालपुर, कुमारी नेहा नागर, कुमारी निधि नागर,




कुमारी मानसी बैसोया, राष्ट्रीय सेवा में चयनित कुमारी मुस्कान बैसोया कर्मचारी चयन आयोग (संयुक्त स्नातक स्तर) परीक्षा द्वारा आयकर विभाग में चयनित कुमारी मुस्कान भाटी, कुमारी नीशू भाटी, राष्ट्रीय स्तर पर भाला फेंक में बराज मेडल विजेता कुमारी कनिशका तौंगड झुममन पुराखंदेडा को पुष्प गुच्छ देकर, शोल ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

## एक नजर

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-59 में बृहस्पतिवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ सेक्टर-58 थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, मूलरूप से बहलोलपुर निवासी राजकुमार ने बताया कि उनका भाई राहुल कुमार गाजियाबाद के विजयनगर में रहता था और नोएडा स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत था। बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े दस बजे राहुल ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह नोएडा वन चौराहे से डी पार्क की ओर मुड़ा, तभी हरियाणा नंबर की तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस की मदद से घायल को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार को इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पार्किंग में खड़े तीन ट्रकों में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में पार्किंग में खड़े तीन ट्रकों में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग लगने से कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि बादलपुर गांव के पास बनी पार्किंग में कई ट्रक खड़े थे। इसी दौरान पास में लगे कूड़े के ढेर में आग सुलग रही थी। तेज हवा के चलते आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया और लपटें ट्रकों तक पहुंच गईं। देखते ही देखते तीनों ट्रक आग की चपेट में आ गए।

तीन दमकल गाड़ियों ने बुझाई आग जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि दोपहर करीब 2:45 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। तुरंत दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पा लिया। तीनों ट्रक जलकर राख हालांकि दमकल टीम ने समय रहते आग बुझा दी, लेकिन तब तक तीनों ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। आग लगने के कारणों की अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस और दमकल विभाग पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

### गलत नंबर किया लिंक, बोले सही कराने 90 दिन बाद आएं

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एजेंसियों पर सिलिंडर की मारामारी कम नहीं हो रही है। एजेंसी संचालकों की लापरवाही के कारण अब लोगों को समस्या हो रही है। जल्दबाजी में एजेंसी संचालकों ने गलत फोन नंबर लिंक और केवाईसी कर दी। जिस वजह से लोगों को गैस बुकिंग में भी दिक्कतें आ रही हैं।

कुछ हद तक स्थिति सामान्य हुई जरूर है लेकिन काफी एजेंसियों पर अब भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। सेक्टर-23 स्थित गैस एजेंसी पर रविवार को भी लोगों की भीड़ लगी रही। एजेंसी संचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लोगों ने हंगामा भी किया। गलत फोन नंबर लिंक होने से एजेंसी संचालक ने एक महिला को सिलिंडर देने से इन्कार कर दिया। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की। जिसके बाद पुलिसकर्मी भी पहुंचे। एजेंसी संचालक ने अपनी गलती मानते हुए सिलिंडर दिए जाने का आश्वासन भी दिया। ऐसे ही सेक्टर-62 के रहने वाले राशिद ने बताया कि उनके अकाउंट में किसी और का आधार कार्ड लिंक कर दिया है। जिस वजह से बुकिंग होने में परेशानी भी हो रही है। सेक्टर 62 स्थित गैस एजेंसी पर भी ऐसे ही लोगों को सिलिंडर के लिए दिक्कतें हो रही हैं।

# ताऊ-भतीजा हत्याकांड में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सत्र अदालत ने जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैंथली गांव में ताऊ-भतीजा हत्याकांड के मामले में आरोपी मनोज नागर की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने मामले की गंभीरता, आरोपी की संलिप्तता और उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए यह निर्णय सुनाया।

अभियोजन के अनुसार मामला अक्तूबर 2025 का है। जब दीपावली के दौरान पुरानी रंजिश में आरोपियों ने वादी पक्ष पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। घटना में वादी के भाई अजयपाल और भतीजे दीपांशु की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि अन्य परिजन घायल हुए थे। आरोप है कि मनोज नागर ने भी फायरिंग में सक्रिय भूमिका निभाई थी। आरोपी का नाम प्रारंभिक एफआईआर में नहीं था लेकिन विवेचना के दौरान गवाहों के बयानों में उसकी संलिप्तता सामने आई है। आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें हत्या, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट से जुड़े करीब 20 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। आरोपी पक्ष की ओर से कहा गया कि केवल सह आरोपी प्रिंस का दोस्त होने के कारण नामजद किया गया। घटना के समय आरोपी मौके पर मौजूद नहीं था और उससे कोई अवैध बरामदगी भी नहीं हुई है। आरोपी के परिवार में बीमार पिता हैं, जिनकी देखभाल करने वाला वह अकेला सदस्य है।

# दो कारों की टक्कर से तीन घायल

**नोएडा।** अस्पताल जा रहे परिवार की कार रविवार को सामने से आ रही दूसरी कार से टकरा गई। हादसे में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला अंबेडकर निवासी सोनू अपनी मां को दवा दिलाने ग्रेटर नोएडा के अस्पताल जा रहा था। यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर 60 मीटर रोड पर रौनिजा गांव के पास उनकी कार सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार से टकरा गई। हादसे में सोनू, उसकी मां मितलेश और कार चालक नीरज घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

# नवजात बच्ची की खरीद-फरोख्त में आरोपियों को शर्तों के साथ मिली जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र स्थित नवजीवन अस्पताल में नवजात बच्ची की कथित खरीद-फरोख्त के मामले में जिला अदालत ने आरोपी मुनीम उर्फ अरुण कुमार, गजेंद्र सिंह और रंजीत सिंह को जमानत दी है। अदालत ने आरोपी को सख्त शर्तों के साथ जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

मामला मार्च में सामने आया था। जब चाइल्ड लाइन 1098 पर सूचना मिली कि नवजात बच्ची को 2.60 लाख रुपये में बेचने की कोशिश की जा रही है। सूचना के आधार पर बिसरख कोतवाली पुलिस, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) और चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की थी। जांच के दौरान टीम ने ऐस सिटी सोसाइटी के पास एक संदिग्ध सौदे को पकड़ लिया, जहां दो लोग नवजात बच्ची को लेकर पहुंचे थे और खरीदार से पैसे की मांग कर रहे थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित कब्जे में ले लिया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रंजीत सिंह और गजेन्द्र सिंह शामिल थे।

पुलिस टीम ने अस्पताल संचालिका यशिका गर्ग को भी गिरफ्तार कर लिया था। उसने स्वीकार किया कि अस्पताल में एक महिला ने बच्ची को जन्म दिया था और आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वह उसका पालन-पोषण नहीं कर सकती थी।

इसी का फायदा उठाकर उसने बच्ची को बेचने की योजना बनाई थी। मामले में अस्पताल की एक नर्स पुष्पा और उसके पति की भी भूमिका सामने आई थी। जिन्होंने व्हाट्सएप के जरिए बच्ची को गोद दिलाने के नाम पर संपर्क स्थापित कराया। आरोप है कि करीब 2 से 2.6 लाख रुपये में बच्ची का सौदा तय किया गया था। मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

# व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के जीटी रोड पर चिटहेरा गांव के पास एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि जारचा कोतवाली क्षेत्र के धनुवास गांव में चंद्रपाल परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा जोगिंद्र 17 अप्रैल को चिटहेरा गांव में मजदूरी करने गया था। 18 अप्रैल को सूचना मिली कि चिटहेरा गांव के पास जोगिंदर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में लगी है।

# मलेरिया की दवा कितने बच्चों पर असरदार, शोध कर रहा चाइल्ड पीजीआई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मलेरिया पॉजिटिव गंभीर बच्चों की हालत पर दवा का प्रतिरोध जानने के लिए चाइल्ड पीजीआई में शोध किया जा रहा है। इसके तहत संस्थान में आने वाले मलेरिया पॉजिटिव बच्चों में टारगेटेड नेस्टेड पीसीआर किया जा रहा है। इसके तहत मरीजों में क्लोरोक्वीन रेजिस्टेंट जीन का पता लगाया रहा है। यदि मरीजों में यह जीन पाया जाता है तो मलेरिया की दवा क्लोरोक्वीन उनपर असर नहीं करेगी। इस शोध में आईसीएमआर के तहत चल रहा इंडियन मलेरिया रिसर्च सेंटर भी सहयोग कर रहा है।

सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की हेड डॉ. सुमी नंदवानी ने बताया कि मलेरिया में क्लोरोक्वीन दवाई दी जाती है लेकिन अब अन्य दवाएं भी दी जाने लगी हैं। ऐसे में क्लोरोक्वीन दवाई के विरुद्ध रेजिस्टेंट आ गई है। इसलिए हम देख रहे हैं कि मलेरिया पॉजिटिव कितने मरीजों में क्लोरोक्वीन रेजिस्टेंट है और क्लोरोक्वीन रेजिस्टेंट का जीन कितने मरीजों में है। यदि क्लोरोक्वीन रेजिस्टेंट का जीन हुआ तो दवा बच्चों पर असर नहीं करेगी। ऐसे में नई दवा देनी पड़ेगी। इसके अलावा बच्चों में मल्टीप्लेक्स आरटीपीसीआर करके मिक्स इंफेक्शन का भी पता किया जा रहा है। इस शोध में विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कविता गुप्ता का भी सहयोग मिल रहा है।

**रिपोर्ट में वाईवैक्स लेकिन हालत हो रही गंभीर :** डॉ. सुमी ने बताया कि प्लाज्मोडियम परजीवी की चार मुख्य प्रजातियां मलेरिया का कारण बनती हैं। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम (सबसे खतरनाक), प्लाज्मोडियम वाईवैक्स (सबसे आम), प्लाज्मोडियम मलेरियाई और प्लाज्मोडियम ओवेल शामिल हैं। चाइल्ड पीजीआई में जिन बच्चों में मलेरिया की पुष्टि होती है, इनमें अधिकतर में प्लाज्मोडियम वाईवैक्स ही पाया जाता है। वाईवैक्स में मरीज की हालत गंभीर नहीं होती है। इसके बाद भी कुछ बच्चों की हालत गंभीर होने लगती है और मिक्स इंफेक्शन पाया जाता है।

# आवासीय सेक्टर के पास शराब ठेका खुलने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आवासीय सेक्टर-36 के गेट नंबर-2 के पास स्थित मॉल में शराब का ठेका खोले जाने पर रविवार को लोग भड़क उठे। सेक्टर के गेट पर इकट्ठा हुए लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। इसकी जानकारी होने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। लोगों ने ठेका हटाने के लिए एक महीने का समय दिया है। महिलाओं का कहना है कि इस ठेके की वजह से उनका घरों से निकलना दूभर हो गया है। देर रात तक लोग गाड़ियों में बैठकर शराब पीते हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

गेट के पास ही मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। सेक्टर के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अजय भाटी ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात कर इस ठेके को हटाने की मांग की है। सेक्टर के पास ठेका खुलने से माहौल खराब हो रहा है। इसका सबसे ज्यादा बुरा असर बच्चों पर पड़ेगा। पास में ही स्कूल भी है।

सेक्टर के लोग अभी सांके. तिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर सड़कों पर उतरकर बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। महिलाओं का कहना है कि शराब पीकर लोग आने-जाने वाली महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करते हैं। यदि एक महीने के भीतर इस ठेके को यहां से हटाया नहीं गया, तो सेक्टर के लोग बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

# दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-53 क्षेत्र के कंचनजंगा अपार्टमेंट में एक सप्ताह पूर्व बदमाश फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और लाखों का सामान चोरी करके भाग गए। घटना दिनदहाड़े हुई। पीड़ित ने सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित शैलेंद्र सिराड़ी ने पुलिस को बताया कि वह परिवार संग फ्लैट में रहते हैं। वह परिवार समेत 11 अप्रैल की शाम 5:30 बजे शहर से बाहर गए थे। घर पर ताला लगा था। वह अगले दिन 12 अप्रैल की रात करीब आठ बजे घर लौटे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे जेवरात और नगदी गायब थी।

पीड़ित के मुताबिक बदमाश घर से सोने का एक पेंडेंट, दो अंगूठी, झुमके, टाप्स, चेन और 15 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# सड़कों को धूल रहित बनाने की योजना पर काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर की सड़कों को धूल रहित बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाके की तीन मुख्य सड़कों के किनारे ग्रास ग्रिड यानी छेद वाली टाइल्स लगाए जाएंगे। इसे लेकर प्राधिकरण ने निविदा जारी कर दी है। इस योजना पर करीब 22 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।निविदा की प्रक्रिया पूरी कर एक माह बाद काम शुरू करा दिया जाएगा।

इससे हरियाली बढ़ने के साथ बारिश के पानी को बर्बाद होने से बचाने में मदद मिलेगी। अधिकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 60 मीटर चौड़ी सड़क पर बिसरख से गौड़ सिटी गोलचक्कर, चौगानपुर गोलचक्कर से बिसरख गोलचक्कर और एस्कॉर्ट यामाहा कंपनी के पास से चौगानपुर गोलचक्कर तक मुख्य सड़क के किनारे छेद वाली टाइल्स लगाई जाएगी। इस काम को छह माह में पूरा कर सड़कों को धूल रहित बनाया जाएगा। वहीं, ग्रेटर नोएडा ईस्ट इलाके में सेक्टर पाई-1 आईटीबीपी गोलचक्कर से नटो की मढ़ैया गोलचक्कर तक की सड़क को चौड़ी कर इसके किनारे भी इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएगी। करीब दो किलोमीटर लंबी इस पर आने वाले खर्च का आकलन कर जल्द निविदा जारी की जाएगी। इस सड़क को भी धूल रहित बनाया जाएगा।



**पानी भी बर्बाद होने से बचेगा:** बढ़ते वायु प्रदूषण के मुद्दे पर बीते दिनों उच्चस्तरीय बैठक हुई थी। सड़कों को धूल रहित बनाने पर जोर दिया गया था। इसके बाद ही सड़क के किनारे खाली पड़ी जगह पर घास और छेद वाली टाइल्स लगाने का निर्णय लिया गया। इससे बारिश के पानी को भी बर्बाद होने से बचाने में मदद मिलेगी। सर्वेक्षण कर ऐसे सभी इलाकों को चिन्हित कर लिया गया है,जहां पर प्रदूषण का स्तर सबसे ज्यादा रहता है। नॉलेज पार्क दो में यह समस्या सबसे ज्यादा है।

**63 किलोमीटर सड़क को चौड़ी होगी:** प्रदूषण की रोकथाम को लेकर प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के तहत इस साल ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 263 किलोमीटर सड़क को चौड़ी करने का काम किया जाएगा। इस पर तेजी से काम चल रहा है। वर्तमान में एली चौक से रामपुर बीटा-1 गोलचक्कर, सेक्टर ईटा-1 में मिग्सन सोसाइटी के सामने, सिरसा से खेरली नहर तिराहा, नॉलेज पार्क में शारदा विश्वविद्यालय से नासा पार्किंग गोलचक्कर, कासना से सिरसा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चार मूर्ति चौक से तिगरी गोलचक्कर तक की सड़क चौड़ी की जा रही है। इससे ट्रैफिक सुचारू रूप से चलेगा और प्रदूषण कम होगा।

**हरियाली बढ़ाने का काम होगा:** अधिकारी के मुताबिक सड़क और नाले के बीच खाली पड़ी जगह पर घास लगाई जाएगी। पाथवे का निर्माण कर छेद वाली टाइल्स यानी ग्रास ग्रिड पेवर्स लगाई जाएगी। परियोजना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रबंधक और तकनीकी सुपरवाइजर को बीते दिनों इस संबंध में विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण का स्तर हर साल बढ़ रहा है। सर्दी के मौसम विशेषकर दिसंबर और जनवरी में हवा दमघोंटू हो जाती है। इस समस्या से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने ट्रैफिक के दबाव वाली सड़कों को चौड़ी करने, नई सड़क बनाने, फुटओवर ब्रिज (एफओबी) की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है।

